FUTURE IS HERE

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड योजना आर0आर0पी0एस0–03/2019 जिसके आवंटन पत्र दिनांक 30.12.2019 को जारी किये गये थे, आवंटन पत्र के अनुसार आवंटन धनराशि जमा कराये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 28.02.2020 नियत थी। जिसकी आवंटन धनराशि 13.5% वार्षिक ब्याज (जिसका आंकलन छमाही चक्रवृद्धि ब्याज के आधार पर किया जायेगा) के साथ जमा करने की तिथि 31.03.2020 तक बढ़ायी गयी थी।

भारत सरकार द्वारा दिनांक 22.03.2020 से आगामी 17 मई, 2020 तक पूरे देश में कोविड–19 महामारी के नियंत्रण एवं बचाव हेतु देशव्यापी लॉक डाउन लागू किये जाने के कारण उक्त योजना के समस्त आवंटियों को सूचित किया जाता है कि सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त आवंटन धनराशि 13.5% वार्षिक ब्याज (जिसका आंकलन छमाही चक्रवृद्धि ब्याज के आधार पर किया जायेगा) के साथ जमा करने की तिथि का समय विस्तरण दिनांक 30.06.2020 तक प्रदान किया गया है। तदनुसार आवंटन धनराशि जमा कराये। अन्यथा की स्थिति में योजना के ब्रोशर के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

13/05

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
यमुना एक्सप्रेसवे औद्यो0 विकास प्राधिकरण

Scanned with CamScanner